हिंदी साहित्य सभा (2024-25)

हिंदी साहित्य सभा, हिंदी विभाग की एक साहित्यिक सभा है जिसके अंतर्गत विभाग की विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है | इसके माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल और नेतृत्त्व क्षमता का विकास किया जाता है | विद्यार्थियों की यह सभा एक भित्ति पत्रिका (Wall Magzine) का प्रकाशन भी करती है जिसमें विद्यार्थियों को ही संपादक और उप संपादक की भूमिका दी जाती है | सभा के समुचित संचालन हेतु विभाग के विद्यार्थियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का चयन किया जाता है जिन्हें इसके संचालन का दायित्व सौंपा जाता है | सभा की पत्रिका ‘ अभिव्यंजना’ हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं कविता, कहानी, एवं लघुकथा आदि को प्रकाशित करती है साथ ही विद्यार्थियों की मौलिक रचनाओं को भी प्रकाशित किया जाता है जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा का विकास हो सके | यह पत्रिका हिंदी के रचनाकारों की जन्म शताब्दियों एवं विशेष साहित्यिक दिवसों से सम्बंधित सामग्री भी प्रकाशित करती है और उससे सम्बंधित चित्रों को प्रदर्शित करती है | पत्रिका विभाग की कक्ष संख्या 24 - 25 के सामने बोर्ड पर प्रदर्शित की जाती है | पत्रिका का नवीनतम अंक हिंदी दिवस पर केन्द्रित है | हिंदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित विभागीय संगोष्ठी के अवसर पर प्रो. रीतारानी पालीवाल के हाथों दिनाँक 13 सितम्बर 2024 को भित्ति पत्रिका के नवीनतम अंक का विमोचन और उदघाटन किया गया | इस अवसर पर विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे | इस आयोजन की कुछ फोटो यहाँ साझा की जा रही है |

NOTICE
NO SMOKING
DO NOT LOITER IN THE CORRIDOR
DO NOT LITTER USE WASTE BINS

हिंदी दिवस